दिनांक 29.06.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में करीब पांच हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा –आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत।
- प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश का दौर–आगामी तीन–चार दिन जयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज 6 विभागों में नौकरी के लिए चयनित हुए करीब पांच हजार युवाओं को विशेष कार्यक्रम के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित किये। जयपुर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ वहीं से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों को भी जोड़ा गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सरकारी विभागों में खाली पदों को कैलेंडर बनाकर भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि हजारों खाली पदों के लिए भर्तियां प्रक्रियाधीन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो वादे किए गए हैं उन्हें पूरा करने के लिए सरकार धीरे–धीरे आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने अधिकार के साथ कर्तव्य को भी ध्यान रखना होगा। राष्ट्र तब ही मजबूत होगा जब हम अपने दायित्व पूरे करेंगे। बाद में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खाली पदों को हर महीने भरने का काम करेगी।

---------------

समरोह को सम्बोधित करते हुए उद्योग मंत्री कैबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार हर साल 70 हजार युवाओं को नौकरी देगी। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि कुछ समय पहले तक राजस्थान में परीक्षाओं पर सवाल उठ रहे थे। लेकिन एंटी चीटिंग टास्क फोर्स बनाने के बाद युवाओं का विश्वास फिर से कायम हुआ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में हर नई भर्ती में चयनित हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए बड़े समारोह किए जाएंगे।

सवाईमाधोपुर में हुए समारोह में 250 नवचयनित कार्मिकों को मुख्यमंत्री का बधाई संदेश और लोक सेवकों के कर्तव्य दायित्व अपेक्षाएं के संबंध में बुकलेट दी गई। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिला स्तरीय समारोह में उपस्थित नवनियुक्ति कार्मिकों से संवाद भी किया। टोंक में 382 नियुक्ति पत्र दिये गये। भीलवाड़ा में नगर परिषद के महाराणा प्रताप सागर में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन हुआ। बालोतरा के कार्यक्रम में दो नवनियुक्त कार्मिकों से मुख्यमंत्री ने वर्चुअली संवाद किया। झुन्झुनू में सूचना केन्द्र में विभिन्न विभागों में नव चयनित 363युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए बुलाया गया था जिनमें से 189 युवा इस उत्सव में शामिल हुए। झालावाड़ में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

का जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्रामीण विकास और पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। बूंदी में हुए कार्यक्रम में 248 नवनियुक्त अभ्यार्थियों को वेलकम किट दिये गये। बीकानेर में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वर्चुअली नवचयनित कॉपरेटिव इंसपेक्टर दीपेन्द्र सिंह नाथावत से संवाद किया। डूंगरपुर में विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 440 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय समारोह को सम्बोधित किया।

000

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ समारोह कल आयोजित होगा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसान परिवारों को हर साल देय राशि 6 हजार के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 2 हजार रूपए प्रतिवर्ष देने की घोषणा की गई है। कल जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा लाभार्थी किसानों को सम्मान निधि की पहली किस्त जारी करेंगे। इस दौरान वे लाभार्थी किसानों से संवाद भी करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के **'मन की बात'** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

000

राजस्थान विधान सभा का दूसरा सत्र बुधवार 3 जुलाई से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने सत्र के संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सत्र के दौरान विधानसभा की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। विधानसभा सत्र के दौरान फोटो युक्त प्रवेश पत्र ही मान्य होगा। फोटोयुक्त क्यूआर कोड प्रवेश पत्र से ही अधिकारी और कर्मचारी विधानसभा में प्रवेश कर सकेंगे।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। आज हम आपको आर्थिक अपराधों के संबंध में लाये गये नये प्रावधानों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। आर्थिक अपराधों में अब आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, हवाला लेन–देन, सामूहिक, विपणन धोखाधड़ी और व्यक्तियों या बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों को धोखा देने की योजनाएं जैसे अपराध भी शामिल किए गए हैं। यदि अपराध के

कारण जीवन की हानि होती है, तो अपराधी को या तो मृत्युदण्ड या आजीवन कारावास का सामना करना पडेगा, साथ ही कम से कम 10 लाख रूपये का अनिवार्य जुर्माना भी लगाया जाएगा।

000

-----------------

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि आजाद और जीवंत प्रेस ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता के इस दौर में भाषा विशेषज्ञों, शब्द संवेदना से जुड़े मर्मज्ञ विद्वानों की सहायता से पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों के लिए विश्वविद्यालय नींव रूप में कार्य करें। श्री मिश्र आज जयपुर में हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य भवन का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता शिक्षा के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के आलोक मे ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं जो नई पीढ़ी को संवेदनशील, सजग और भविष्य के बेहतर नागरिक बना सके। राज्यपाल ने कहा कि पत्रकारिता का यह दौर चुनौतीपूर्ण है। मीडिया में इस बात की होड़ चल रही है कि पलपल की खबरों को कैसे सबसे पहले प्रकाशित या प्रसारित किया जाए। ऐसे में इस बात का ध्यान रखा जाए कि मानव मूल्य कहीं पीछे न छूट जाये। राज्यपाल ने इस अवसर पर विभिन्न मीडिया पाठ्यकमों में 94 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। 6 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक दिये गये।

000

राज्य में कल पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए जिलों में टास्क फोर्स गठित की गई है। कल विभिन्न पोलियो बूथ्स पर दवा पिलाई जायेगी। वहीं अगले दो दिनों में घर घर जाकर पोलियो खुराक दी जायेगी। इसके लिये मोबाइल टीमें बनाई गई हैं। साथ ही रेल्वे स्टेशनों और बस स्टैण्ड्स पर भी पोलियो की दवा पिलाने के लिये विशेष मोबाइल दल गठित किये गये हैं।

000

प्रदेश के कई जिलों में तेज वर्षा का दौर जारी है। कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। बीकानेर, भरतपुर, नागौर और धौलपुर में आज सुबह से ही बारिश का दौर जारी रहा। धौलपुर जिले के बाड़ी में आज दो घंटे जमकर पानी बरसा। नागौर में हुई तेज बारिश से सड़कों पर पानी जमा हो गया।

---------------

बीकानेर में भी खूब पानी बरसा। जयपुर में हल्की बारिश हुई। झालावाड जिले के पनवाड़ क्षेत्र में बिजली गिरने से 5 मोरों की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर, जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां होने की प्रबल संभावना है। आज भरतपुर, जयपुर व उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी व कहीं–कहीं अतिभारी बारिश होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि

आगामी तीन–चार दिन जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ तेज बारिश होने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश व कहीं–कहीं अतिभारी बारिश होने की प्रबल संभावना है।

000

झुंझुनू के बिसाऊ कस्बे में दो अलग अलग हादसों में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। एक व्यक्ति तार में अटकी चाबी को निकालते समय करंट की चपेट में आ गया वहीं दूसरे हादसे में घर की छत पर कपडे सूखा रही दो महिलाओं को करंट लग गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरी महिला का इलाज जारी है।

000

आज 18वां सांख्यिकी दिवस मनाया जा रहा है। 2007 से 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सांख्यिकीविदों के अद्वितीय योगदान के लिए मुख्य रूप से प्रसिद्ध सांख्यिकीविद प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस की जयंती पर मनाया जाता है। इस साल का विषय है – **निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग।** इस मौके परप्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

000